Hindustan, Delhi, 28/03/2026
Page No: 9, Size: 11.30cm × 22.67cm

यूपी में पेट्रोल की लाइनें कम, सिलेंडर के लिए मारामारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। खाड़ी संकट की वजह से गैस आपूर्ति में कटौती ने उद्योगों की मुश्किल बढ़ा दी है। गेल इंडिया ने गैस कोटे में भारी कटौती कर दी है। इससे ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) के उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जिलों में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की किल्लत ने आम जनजीवन पर असर डाला है। आगरा में 146 फैक्टरियों में ताले लटक गए हैं, तो गोरखपुर में सिलेंडर का बैकलॉग 70 हजार के पार पहुंच गया है।

गेल इंडिया ने ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) में शामिल फिरोजाबाद, आगरा और मथुरा की औद्योगिक इकाइयों के गैस कोटे में 10 फीसदी की और कटौती कर इसे 45 फीसदी कर दिया है। अब उद्योगों को केवल 55% गैस मिलेगी। फिरोजाबाद और आगरा में गेल तथा मथुरा में टोरंट की ओर से औद्योगिक गैस की सप्लाई की जाती है। आगरा में ढलाई, केमिकल, नान फैरस मेटल की 146 फैक्टरियां बंद कर दी गई हैं। स्टाफ की छंटनी लगातार जारी है।

पेट्रोल की किल्लत नहीं लेकिन गैस एजेंसियों पर हंगामा: कानपुर में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कोई किल्लत नहीं रही। चंद पंपों पर ही वाहन सवारों की भीड़ रही। कुछ जगह तेल खत्म होने के चलते पंप बंद रहे। वहीं, गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही।

लखीमपुर खीरी में पेट्रोल-डीजल के लिए पंपों पर लगी लंबी कतार: लखीमपुर खीरी जिले में पेट्रोल और डीजल की किल्लत की खबर फैलने से अफरातफरी का माहौल बन गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वाहन चालकों में अपनी गाड़ियों के टैंक फुल कराने की होड़ रही तो वहीं किसान बड़े-बड़े डिब्बे और कंटेनर लेकर डीजल लेने पहुंच गए। उधर, बरेली मंडल में गैस की किल्लत से लोग परेशान रहे।

देवरिया में अवैध रूप से रखा 3600 लीटर डीजल बरामद : गोरखपुर में दो दिन तक पेट्रोल-डीजल की अफरातफरी के बाद शुक्रवार को पेट्रोल पंपों पर स्थिति लगभग सामान्य रही। हालांकि, ग्रामीण इलाकों में खेती-किसानी के लिए ड्रम में डीजल लेने भी लोग पहुंचे। सिद्धार्थनगर, महराजगंज में पंपों पर भीड़ दिखी। सिद्धार्थनगर में एक दर्जन पंपों पर तेल नहीं है। बस्ती, देवरिया, कुशीनगर में अपेक्षाकृत हालात सामान्य हैं। देवरिया के रुद्रपुर में एसडीएम की छापेमारी में 16 ड्रमों में रखा 3600 लीटर डीजल बरामद हुआ।